
# ऑनलाइन सतर्क रहें

amazon future engineer



जैसे ही आदिल अपने नए फोन के साथ सहज होता है, वह महसूस करता है कि इंटरनेट पर सफर हमेशा आसान नहीं होता। रास्ते में कई रुकावटें और चुनौतियाँ हो सकती हैं! क्या आप उसे यह समझने में मदद कर सकते हैं कि वह खुद को कैसे सुरक्षित रख सकता है?

आदिल के फोन पर उसे अलग-अलग ऐप्स से कई मेसेज, पोस्ट और नोटिफिकेशन आते हैं! कल आए मेसेजस को देखिए और दाईं ओर दिए गए सवालों पर विचार कीजिए:

9:00 PM Adil

- फोटो खींचने की कला में सुधार के लिए कुछ सुझाव
- इस वीकेंड इन शोज़ को देखना न भूलें!
- बॉलीवुड स्टार्ज़ की दिल को छू लेने वाली कहानियां जो आपको रुला देंगी
- नई वैज्ञानिक रिसर्च से संरक्षित प्रजातियों की रक्षा में मदद मिल रही है
- लड़की को मिली एक अज्ञात डायरी - फिर जो हुआ, आप यकीन नहीं करेंगे!

इन सूचनाओं या नोटिफिकेशन्स में क्या समानताएं और अंतर हैं?

इन संदेशों में कौन सा भाव इस्तेमाल किया गया है (जैसे: उत्साहित, गुस्सा)?


कौन से मेसेज सबसे ज्यादा आकर्षक लग रहे हैं और क्यों?

# क्लिकबेट

**क्या आप जानते हैं?**

क्लिकबेट[1] ऐसा कंटेंट (जैसे: हेडलाइन, पोस्ट या मेसेज) होता है जिसे इस तरह से लिखा जाता है कि वह किसी को उस पर क्लिक करने के लिए उत्तेजित करे। इसे मछली पकड़ने के लिए लगाए गए कांटे की तरह समझ सकते हैं! ऑनलाइन क्लिकबेट हमें क्लिक करने के लिए फंसाता है। यह अक्सर ज्यादा आकर्षक तरीके से लिखा जाता है, जो रोमांचक या असामान्य जानकारी देने का वादा करता है, और जानकारी को कुछ इस तरह से रहस्यमय छोड़ता है कि पढ़ने वाला लिंक पर क्लिक किए बिना नहीं रह पाता! अक्सर, ऐसे मेसेज उन विषयों के बारे में आते है, जिन में यूज़र पहले इंटरनेट पर दिलचस्पी दिखा चूका है। क्लिकबेट फेक न्यूज़, धोखाधड़ी या संदिग्ध/हानिकारक साइट्स पर भी ले जा सकता है!

नीचे दिए गए फीचर्स अक्सर क्लिकबेट में इस्तेमाल होते हैं। आपने इनमें से कौन से पहले देखे हैं?





और कौन-कौन से फीचर्स आपके दिमाग में आते हैं? ऑनलाइन मेसेजस, हेडलाइन्स और पोस्ट्स पर अपनी प्रतिक्रियाओं को समझना आपको क्लिकबेट पहचानने में और खुद को नुकसान या धोखाधड़ी से बचाने में मदद कर सकता है। याद रखें, क्लिक करने से पहले हमेशा सोचें!

1. Digital Media Literacy: What is Clickbait? (n.d.). GCFGlobal.

# ऑनलाइन खतरें

खुश खबरी: आपके पास एक खास डिवाइस है, जिसे थ्रेट विनाशक (Threat Buster) 2.0 कहा जाता है, जिसने आपके आस-पड़ोस में होने वाले कुछ ऑनलाइन खतरों[2] की पहचान की है! हालांकि, आपको हर अनुभव को सही ऑनलाइन खतरे से जोड़ना होगा!




[ ] हैकिंग तब होती है जब कोई बिना अनुमति के किसी दूसरे व्यक्ति के डिवाइस या अकाउंट में - उन्नत कोड का उपयोग करके - प्रवेश करता है ताकि जानकारी चुराई जा सके या नुकसान पहुँचाया जा सके।

[ ] आइडेंटिटी थेफ्ट तब होता है जब किसी व्यक्ति की व्यक्तिगत जानकारी बिना अनुमति के इस्तेमाल की जाती है - फेक अकाउंट बनाने या अवैध चीज़ों के लिए।

[ ] फिशिंग तब होती है जब धोखेबाज़ फ़र्ज़ी संदेश भेजते हैं जो असली जैसे दिखते हैं, ताकि लोगों को अपनी व्यक्तिगत जानकारी साझा करने के लिए फंसाया जा सके।

[ ] डाटा थेफ्ट में व्यक्तिगत, गोपनीय, या वित्तीय जानकारी को अवैध रुप से चुराना और फैलाना शामिल है।

[ ] मैलवेयर एक कंप्यूटर सॉफ़्टवेयर है, जैसे वायरस, जो गुपचुप तरीके से कंप्यूटर या कंप्यूटर नेटवर्क को नुकसान पहुँचाता है।

2. Cyber Security - Awareness for Citizens. (2020, January 10). Cyber Crime Portal.

# वित्तीय धोखाधड़ी

amazon future engineer

## क्या आप जानते हैं?

आजकल, बहुत सारे धोखेबाज़ ऑनलाइन फिशिंग का प्रयास करते हैं - फोन कॉल्स, ईमेल्स और संदेशों के माध्यम से - ताकि लोगों से बड़ी रकम चुराई जा सके।[3] कोई भी इनका शिकार बन सकता है! अक्सर, वे लोगों को डराने या उत्तेजित करने की कोशिश करते हैं ताकि वे उनका कहा माने। चूंकि आदिल ही अपने परिवार में एकमात्र ऐसा व्यक्ति है जो इंटरनेट का सक्रिय रूप से उपयोग करता है, इसलिए उसे अपनी फैमिली को इन धोखाधड़ी से बचाने में मदद करनी होगी। क्या आप उसकी मदद कर सकते हैं?

## आदिल के पिताजी को एक कॉल आता है!





"हैलो, कौन बोल रहे हैं?"



"नमस्ते, मैं तिलक बोल रहा हूँ, बहादुरपुर पुलिस स्टेशन, बिहार से। हमने अभी-अभी एक आदमी को गिरफ्तार किया है, वह कह रहा है कि आप उसके कज़िन भाई हैं। हमें पता चला है कि आपका फोन नंबर और बैंक डिटेल्स अवैध गतिविधियों में इस्तेमाल किए गए हैं।"



"क्या?! लेकिन मैं तो कल ही अपने भाई से मिला था! वह बिहार में कैसे हो सकता है?"



"आपको इस मामले में परेशानी हो सकती है, लेकिन चिंता मत करें—मुझे पता है कि आप निर्दोष हैं। बस मेरे निर्देशों का पालन करें ताकि आप सुरक्षित रहें। अपने पैसे को सुरक्षित रखने के लिए 50,000 रुपये किसी दूसरे अकाउंट में ट्रांसफर कर दें, तब तक हम आपके मामले को सुलझाने की कागज़ी कार्रवाई कर रहे हैं। 15 मिनट में मुझे बैंक जानकारी के साथ कॉल करें, वरना हमें आपको और आपके भाई को चार्ज करना पड़ेगा।"

### आदिल अपने पिता को क्या सलाह दे सकता है? सही विकल्प चुनें।

A. यह ज़िन्दगी और मौत का सवाल है - अधिकारी को तुरंत सारी जानकारी दे दो!
B. पुलिस अधिकारी से उसका आईडी नंबर पूछें और बहादुरपुर पुलिस स्टेशन के आधिकारिक फोन पर कॉल करके इसे सत्यापित करें।
C. अपने कज़िन भाई को कॉल करें और जांचें कि क्या वह गिरफ्तार हुआ है।
D. साइबर क्राइम मुख्यालय से संपर्क करें और शिकायत दर्ज करें।
E. मुसीबत के समय में समर्थन के लिए दोस्तों और परिवार के सदस्यों से मदद लें।

3. Don't fall prey to these scams! 10 common ways in which scamsters can fraud you. (2024, October 14). Times of India.

amazon future engineer


# वित्तीय धोखाधड़ी

## आदिल की मां को एक संदेश मिलता है!





क्या आप पैसा कमाना चाहते हैं लेकिन फुल-टाइम काम नहीं कर सकते? Amazon.in पर सिर्फ सोशल मीडिया पोस्ट साझा करके आप हर महीने ₹8000 तक कमा सकते हैं! शुरुआत करने के लिए यहां साइन अप करें: www.amaz-0n.co/account-login/index_4321xQz






"वाह, आजकल तो आप ऑनलाइन कुछ भी कर सकते हैं! शायद मुझे भी साइन अप कर लेना चाहिए..."

**आदिल अपनी मां को क्या सलाह दे सकता है? सही विकल्प चुनें।**

A. इस अवसर को सत्यापित करने के लिए वेब पर खोज करें।
B. जांचें कि URL कंपनी के नाम से मेल खाता है या नहीं - क्या यह संदिग्ध लग रहा है?
C. यह एक शानदार अवसर है - इसे तुरंत ले लो!
D. साइबर क्राइम मुख्यालय या पुलिस से संपर्क करें और उन्हें इसकी सूचना दें।
E. नंबर को ब्लॉक और रिपोर्ट करें।

## आदिल के चाचा को कॉल आता है!




"हैलो?"



"नमस्ते सर, मैं Xater बैंक से नेहा बोल रही हूँ। आपके KYC और खाता विवरण को सरकार के नियमों के अनुसार अपडेट करना आवश्यक है ताकि आपका खाता सुरक्षित रहे। अन्यथा, हमें आपका खाता सस्पेंड करना पड़ेगा। मैं आपको लिंक भेज रही हूँ, कृपया कॉल पर ही यह प्रक्रिया पूरी करें।"



"ठीक है, मैं लिंक खोल रहा हूँ।"




**आदिल अपने चाचा को क्या सलाह दे सकता है?**

A. फॉर्म को सरकारी नियमों के अनुसार तुरंत पूरा करें।
B. अपने बैंक के रिलेशनशिप मैनेजर को कॉल करें और सत्यापित करें। आखिर आपका अपना बैंक आपका खाता विवरण क्यों मांगेगा?
C. जांचें कि वेबसाइट विश्वसनीय है या नहीं: क्या URL, ईमेल और डिज़ाइन में गलतियां हैं?
D. साइबर क्राइम मुख्यालय से संपर्क करें!

# उत्तर

amazon future engineer

## ऑनलाइन सतर्क रहें

आदिल को शायद इन कहानियों पर क्लिक करने का मन करेगा।

इस वीकेंड इन शोज़ को देखना न भूलें!

बॉलीवुड स्टार्ज़ की दिल को छू लेने वाली कहानियां जो आपको रुला देंगी

लड़की को मिली एक अज्ञात डायरी - फिर जो हुआ, आप यकीन नहीं करेंगे!

क्योंकि बाकी कहानियां सामान्य तरीके से लिखी गई हैं, जबकि ये कहानियां उसे उत्साहित करने, अत्यधिक जिज्ञासा जगाने और भावनात्मक रूप से प्रभावित करने की कोशिश करती हैं। साथ ही, ये उसे ऐसा महसूस कराती हैं कि यदि वह क्लिक नहीं करता, तो वह किसी महत्वपूर्ण जानकारी से वंचित रह जाएगा। संक्षेप में, ये क्लिकबेट हेडलाइंस हैं!

## ऑनलाइन खतरे

1. हैकिंग
2. फिशिंग
3. डेटा थेफ्ट
4. मैलवेयर
5. आइडेंटिटी थेफ्ट

## वित्तीय धोखाधड़ी

### आदिल के पिता की कहानी

B. पुलिस अधिकारी से उसका आईडी नंबर पूछें और बहादुरपुर पुलिस स्टेशन के आधिकारिक फोन पर कॉल करके इसे सत्यापित करें।
C. अपने कज़िन भाई को कॉल करें और जांचें कि क्या वह गिरफ्तार हुआ है।
D. साइबर क्राइम मुख्यालय से संपर्क करें और शिकायत दर्ज करें।
E. मुसीबत के समय में समर्थन के लिए दोस्तों और परिवार के सदस्यों से मदद लें।

### आदिल की मां की कहानी

A. इस अवसर को सत्यापित करने के लिए वेब पर खोज करें।
B. जांचें कि URL कंपनी के नाम से मेल खाता है या नहीं - क्या यह संदिग्ध लग रहा है?
D. साइबर क्राइम मुख्यालय या पुलिस से संपर्क करें और उन्हें इसकी सूचना दें।
E. नंबर को ब्लॉक और रिपोर्ट करें।

### आदिल के चाचा की कहानी

B. अपने बैंक के रिलेशनशिप मैनेजर को कॉल करें और सत्यापित करें। आखिर आपका अपना बैंक आपका खाता विवरण क्यों मांगेगा?
C. जांचें कि वेबसाइट विश्वसनीय है या नहीं: क्या URL, ईमेल और डिज़ाइन में गलतियां हैं?
D. साइबर क्राइम मुख्यालय से संपर्क करें।

